प्रेस नोट दिनांक 18.04.2026

थाना बारादरी जनपद बरेली।

थाना बारादरी #bareillypolice पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले 01 शातिर अभियुक्त को 501 ग्राम अवैध अफीम (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत 15 लाख रूपये) व 01 बाइक सहित किया गिरफ्तार।

घटना का संक्षिप्त विवरण/परिचयः-

श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली महोदय द्वारा मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना बारादरी पुलिस द्वारा रात्रि गस्त के दौरान दिनांक 17/18.4.2026 की 00.10 बजे एक शातिर अभियुक्त द्वारिका प्रसाद पुत्र अशोक कुमार नि० ग्राम अतरछेडी थाना विशारतगंज जनपद बरेली उम्र 32 को सम्राट अशोक नगर जाने वाले रास्ते से पहले पीलीभीत बाईपास रोड से 501 ग्राम अफीम (जिसकी अन्तर्राष्टीय बाजार में कीमत 15 लाख रुपये) व एक मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया। उक्त के सम्बन्ध में अभियुक्त के विरूद्ध मु0अ0सं0 481/2026 धारा 8/18/60 NDPS ACT पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त से विस्तृत पूछताछ कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

घटना के सम्बन्ध में तथ्यों का सारगर्भित विवरणः-

दिनांक 17/18.4.2026 की रात्रि थाना बारादरी पुलिस टीम पीलीभीत बाईपास रोड गस्त पर थे, इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि एक बाइक सवार व्यक्ति मादक पदार्थ को बेचने की फिराक मे है, सूचना पर पुलिस टीम सम्राट अशोक नगर जाने वाले रास्ते से पहले पीलीभीत बाईपास रोड पर पंहुचे तो वहां खडा व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर सकपका कर भागने लगे। जिसको पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही कर पकड लिया। व्यक्ति ने अपना नाम द्वारिका प्रसाद पुत्र अशोक कुमार नि० ग्राम अतरछेडी थाना विशारतगंज जनपद बरेली उम्र 32 वर्ष बताय, जिसके कब्जे से 501 ग्राम अबैध अफीम (जिसकी अन्तर्राष्टीय बाजार में कीमत 15 लाख रुपये) व एक मोटरसाइकिल बरामद हुई। अभियुक्त के विरूद्ध मु0अ0सं0 481/2026 धारा 8/18/60 NDPS ACT का अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त से विस्तृत पूछताछ कर मा0 न्यायालय के समक्ष के समक्ष पेश किया गया।

पूछताछ एवं अभियुक्त का विवरण (जैसे कि वह कहाँ का रहने वाला है, कितना पढ़ा-लिखा है,पूर्व में/वर्तमान क्या करता/करती है, घटना स्थल किस तरह पहुँचा और अपराध में संलिप्त करने का कारण आदि)-

अभियुक्त द्वारा पूछने पर बताया कि वह बीए पास है तथा खेती का कार्य करता है। मुझे जुआ खेलने की लत लग गयी थी जिसमे मै कई लाख रुपये ब्याज पर लेकर हार गया था। तभी मेरी मुलाकात जुआ खेलने के दौरान एक ड्राईवर से हुई, जिसमे बात बात मे उसने अफीम खरीदने बचने के बारे में बताया। मै लालच मे आ गया तथा उसके द्वारा एक व्यक्ति सजंय पासवान निवासी झारखण्ड से मेरी फोन पर वार्ता कराकर मेरे द्वारा आधा किलो अफीम झारखण्ड से लायी गयी थी, तथा आज मै इस अफीम को बेचकर मुनाफा कमाने के लिए फिराक में था कि पुलिस ने पकड लिया।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त व अपराधिक इतिहासः –

1. द्वारिका प्रसाद पुत्र अशोक कुमार नि० ग्राम अतरछेडी थाना विशारतगंज जनपद बरेली

   मु0अ0स0 481/2026 धारा 8/18/60 एनडीपीएस एक्ट थाना बारादर बरेली

बरामदगी

501 ग्राम अफीम (कीमत लगभग 15 लाख रूपये)

एक बाइक

गिरफ्तारी करने वाली टीम का विवरणः-

- प्रभारी बिजेन्द्र सिहं प्रभारी निरीक्षक थाना बारादरी बरेली ।
- उ0नि0 कुशलपाल सिंह चौकी प्रभारी जगतपुर थाना बारादरी बरेली ।
- उ0नि0 कुलदीप सिंह थाना बारादरी बरेली ।
- हे0का0 942 फहीम चौधरी बारादरी बरेली ।